एक नजर में

नीट में सफलता-श्याम परमार का चयन

पडाना 09 सितम्बर,सं. ग्राम नवलाय के प्रतिभावान छात्र श्याम परमार ने नीट परीक्षा में सफलता अर्जित कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है. भोजराज परमार के पुत्र श्याम का चयन शासकीय मेडिकल कॉलेज भोपाल के लिए हुआ है. मेधावी छात्र श्याम की इस उपलब्धि की खबर मिलते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई. परिजनों के अनुसार श्याम प्रारंभ से ही पढ़ाई में अव्वल रहे हैं और डॉक्टर बनकर समाज सेवा करने का उनका सपना था, जिसे उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से साकार किया है .श्याम की इस उपलब्धि पर किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजेंद्र परमार, शंकर परमार, भेरू सिंह पटेल, मंडल उपाध्यक्ष ओम परमार, डॉ. सतीश परमार, कमल सिंह सिंघानिया सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

अमर सिंह मेवाडा भंडावद दिवंगत

पचोर 09 सितम्बर, सं.

समिपस्थ ग्राम पंचायत भंडावत के पटेल अमरसिंह मेवाड़ा का 68 वर्ष की आयु निधन हो गया. वे सेवा निवृत शिक्षक हरि सिंह मेवाडा पटेल साहब, पटेल साहब हिम्मत के बड़े भाई थे. वे सहज सरल एवं धार्मिक प्रवृति के व्यक्ति थे. उनके निधन पर गांव में शोक छा गया .श्री पटेल मनोहर लाल, लखन लाल, जीवन सिंह, मुकेश,महेश के पिताजी थे .स्थानीय मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया. मुखाग्नि उनके पुत्रों एवं परिवार जनों ने दी. उनके निधन पर सरपंच ग्राम पंचायत भंडावद नरेंद्र पुष्पद सहित ग्रामीण जनों ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की.

प्रखंड समिति सम्मेलन एवं भगवा गौरव यात्रा का आयोजन

राजगढ़ 09 सितम्बर, का. विश्व हिंदू परिषद द्वारा प्रखंड समिति सम्मेलन एवं भगवा गौरव यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. यात्रा मंगल भवन से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए बड़े हनुमान मंदिर परिसर पहुँचेगी, जहां यात्रा का समापन होगा. आयोजन में संत समाज के साथ विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. भगवा गौरव यात्रा में ढोल-डीजे के साथ संत रविदास जी की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी. यात्रा को सामाजिक समरसता और हिंदू समाज के एकीकरण के संदेश के साथ निकाला जाएगा. कार्यक्रम के संबंध में प्रखंड अध्यक्ष सोनू गोद एवं प्रखंड मंत्री हेमराज तंवर ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर हिंदू समाज में एकता, संगठन और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के उद्देश्य से इस आयोजन का किया जा रहा है. उन्होंने सभी समाजबंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर भगवा गौरव यात्रा एवं प्रखंड समिति सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया.

विरोध के बीच सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया

खिलचीपुर में अतिक्रमण हटाने पहुंची संयुक्त टीम की दुकानदारों से हुई बहस

झालावाड़ चौराहे से अतिक्रमण, गुमटियां हटाई दुकानदारों ने पूछा- पूरे नगर में समान कार्रवाई क्यों नहीं?

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 09 सितम्बर, सं. नगर में बुधवार को नायब तहसीलदार, नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम ने झालावाड़ चौराहे पर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. टीम ने चौराहे पर लगी गुमटियों और दुकानों को हटाया. कार्रवाई के दौरान दुकानदारों और प्रशासनिक अमले के बीच कार्रवाई को लेकर तीखी बहस भी हुई.

अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों ने सवाल उठाया कि यदि सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया जा रहा है तो पूरे नगर में एक समान कार्रवाई क्यों नहीं की जाती.इसी दौरान एक युवक और राजस्व निरीक्षक राजेंद्र दांगी के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई. मामला बढ़ता देख मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप किया और दोनों को शांत कराया.

181 पर शिकायत की चेतावनी

कार्रवाई के दौरान गुमटी और दुकान संचालकों ने कहा कि वे अपनी दुकानें खुद हटा रहे हैं. दुकानदारों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि चौराहे पर एक भी ठेला दिखाई दिया तो 181 पर इतनी शिकायतें की जाएंगी कि नगर पालिका को सबके सामने हाथ जोड़ने पड़ेंगे. इस पर राजस्व निरीक्षक राजेंद्र दांगी ने जवाब दिया कि हाथ जोड़ने वाली बात न करें, कार्रवाई के लिए उनके पास सभी इंतजाम हैं. दोनों के बीच बहस बढ़ने पर पुलिस ने बीच-बचाव कर स्थिति संभाली.

पूरे नगर में अभियान चलाने की मांग

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अक्सर झालावाड़ नाके के एक सीमित हिस्से तक ही सिमट जाती है. लोगों ने मांग की है कि यदि सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाना है तो पूरे नगर में समान रूप से अभियान चलाया जाए. लोगों का कहना है कि अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग तरीके से कार्रवाई होने से अतिक्रमण को लेकर असंतोष बढ़ रहा है. सरकारी जमीन पर लगी गुमटियों और दुकानों को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति भी बनती है. ऐसे में नगर के सभी प्रमुख क्षेत्रों का सर्वे कर एक समान और निष्पक्ष कार्रवाई किए जाने की मांग उठ रही है.

इन क्षेत्रों में भी अतिक्रमण का दावा

स्थानीय लोगों के अनुसार, खिलचीपुर के छापीहेड़ा नाका, तहसील चौराहा, इमली स्टैंड, बस स्टैंड, झालावाड़ नाका और सोमवारिया क्षेत्र में सरकारी जमीन पर बड़ी संख्या में गुमटियां और दुकानें लगी हुई है. लोगों का दावा है कि कई स्थानों पर इन गुमटियों और दुकानों को किराए पर भी दिया गया है.

सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती कैम्प आज से

राजगढ़ 09 सितम्बर, का. मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत राजगढ़ के सहयोग से जीडीएक्स ग्रुप- ग्रेटर नोएडा एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के तहत 250 सुरक्षा जवान एवं 30 सुपरवाईज़र भर्ती हेतू जनपद पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किया जा रहा है. आज 10 सितम्बर को जनपद पंचायत जीरापुर में, 11 सितम्बर को आजीविका भवन भारत पेट्रोल पंप के पास सारंगपुर में, 15 सितम्बर को आजीविका भवन नई तहसील परिसर ब्यावरा में, 16 सितम्बर को जनपद पंचायत खिलचीपुर में, 17 सितम्बर को आजीविका भवन नरसिंहगढ़ में तथा 18 सितम्बर को जनपद पंचायत राजगढ़ में प्रात: 11 से दोपहर 03 बजे तक भर्ती कैम्प आयोजित किया जाएगा. चयनित युवाओं को जीडीएक्स ग्रुप के ट्रेनिंग सेंटर एन.आई.एम.टी कैंपस नियर परीचौक मेट्रो स्टेशन, स्थित सेंटर में 20 दिन के आवासीय प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र के साथ मध्यप्रदेश के बड़े-बड़े ओद्योगिक क्षेत्रों में 16 हजार रूपये से 22 हजार रूपये तक के मासिक सेलरी के साथ 58 वर्ष तक स्थाई नौकरी के साथ ही पीएफ, पेंशन, जीवन बीमा, फेमिली मेडिकल सुविधा, सालाना वेतन में वृद्धि, लोन की सुविधा, प्रमोशन जैसी सुविधाओ के साथ ड्यूटी दौरान रहने व खाने की सुविधाएं रियायती दरों पर दी जाएगी.

किराए के मकान में बारवां के वृद्ध ने लगाई फांसी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 09 सितम्बर, का. नगर के अजनीलाल मंदिर रोड क्षेत्र में मंगलवार रात ढोलक वादक ने किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान पिता हजारीलाल प्रभुलाल वर्मा के रूप में हुई है.

पड़ोसियों के आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिलने के बाद गेट खोलकर देखा तो वह पंखे से फंदे पर लटके मिले. वह मूल रूप से बारवां के रहने वाले थे और ब्यावरा में अकेले किराए के कमरे में रहते थे. वह भजन-कीर्तन में ढोलक बाजने का काम करते थे. उनके बेटे और बहू अलग रहते हैं. घटना की सूचना मिलने पर सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा. इसके बाद शव को सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां गुरुवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है. आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है. थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि मर्ग दर्ज कर जांच की जा रही है. पुलिस परिवार और परिचितों से जानकारी जुटा रही है.

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर को

राजगढ़ 09 सितम्बर, का. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के वार्षिक कैलेण्डर अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर को जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा.

'मॉ तुझे प्रणाम' योजना के आवेदन आमंत्रित

राजगढ़ 09 सितम्बतर, का. राष्ट्रवाद की भावना से ओत-प्रोत मध्यप्रदेश शासन की महत्वपूर्ण पहल 'मॉ तुझे प्रणाम' योजना के तहत राजगढ़ जिले में युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. योजना के तहत 01 एनसीसी, 01 एनएसएस, 01 खिलाड़ी, 01 मेधावी छात्र एवं 01 स्काउट तथा इसी मान से युवतियों का चयन किया जाएगा. 31 दिसम्बर को 15 से 25 वर्ष की आयु होनी चाहिए.

दूध की रैपिड टेस्टिंग किट से स्पॉट टेस्टिंग, दूध के नमूने लिए

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 09 सितम्बर, का. कलेक्टर के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा दूध एवं दूध से बने उत्पादों की गुणवत्ता की जांच के लिए रैपिड मिल्क टेस्टिंग किट के माध्यम से स्पॉट टेस्टिंग की जा रही है.

रैपिड टेस्टिंग किट के माध्यम से दूध में मिलावट के प्रमुख अपद्रव्यकों जैसे यूरिया, माल्टोस, स्टार्च, साल्ट, न्यूट्रलाइजर, डिटरजेंट, सोडा आदि की आसानी से जांच की जा सकती है. टेस्टिंग के दौरान स्ट्रिप में होने वाले रंग परिवर्तन के आधार पर दूध में मिलावट की स्थिति का पता लगाया जाता है.

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा गुरूवार को जीरापुर में मिल्क कलेक्शन सेंटर श्री सांवरिया दूध डेयरी, बटावड़ा रोड, जीरापुर एवं श्री बालाजी दूध डेयरी, मेन रोड, जीरापुर से दूध के दो-दो अलग-अलग नमूने जांच हेतु एकत्रित किए गए हैं. इन नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है. प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी. उक्त कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री द्वारा की गई.

अभाविप नरसिंहगढ़ इकाई ने मनाया गौरव उत्सव, वन्देमातरम गान हुआ

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 09 सितम्बर, सं. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के गौरवपूर्ण अवसर पर बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शासकीय भानूप्रकाश सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहगढ़ इकाई द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, अभिभावक, युवा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में मुख्य उपस्थिति विधायक मोहन शर्मा की रही, जबकि विशेष उपस्थिति अभाविप विभाग संगठन मंत्री देशराज नारौलिया की रही, वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद व सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया. इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अध्ययन करके राष्ट्रहित में कार्य करने का आग्रह किया उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय चेतना, स्वतंत्रता संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण का अमर उद्घोष है. इसके 150 वर्ष पूर्ण होना प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव और सम्मान का विषय है. अभाविप के विभाग संगठन मंत्री देशराज नारौलिया ने युवाओं को राष्ट्रहित में आगे बढ़ने और देश की एकता, अखंडता एवं संस्कृति को मजबूत करने का आह्वान किया, उन्होंने कहा कि वर्षों तक वन्देमातरम का कांग्रेस ने अपमान किया.

राधिका सोनी ने लंदन से आर्किटेक्ट में मास्टर डिग्री प्राप्त की

नवभारत न्यूज

पचोर 09 सितम्बर, सं. नगर के वास्तुकार इंजीनियर मुकेश सोनी की बेटी राधिका सोनी ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी लंदन से कठिन परिश्रम कर 5 वर्षों तक लंदन में रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से आर्किटेक्ट के क्षेत्र में मास्टर डिग्री प्राप्त कर नगर को गौरान्वित किया है.

बेटी राधिका सोनी की शानदार उपलब्धि एवं सफलता पर सांसद रोडमल नागर, मध्य राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया, मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, नगर परिषद उपाध्यक्ष राम भरोसा यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता रघुराज राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता दामोदर सिंह लहरी, भाजपा नेता बृजेश विजय वर्गीय, पूर्व मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष मनीष सक्सेना, पार्षद प्रतिनिधि भगवान सिंह गुर्जर, भाजपा नेता अजय विजयवर्गीय, कांग्रेस जिला महासचिव राजेंद्र सिंह जाट, एल्डरमैन पुरुषोत्तम वैष्णव, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती नीलम सक्सेना, स्वर्णकार समाज जिला अध्यक्ष श्याम सोनी, समाजसेवी चंचल मंगल, किसान मोर्चा जिला मंत्री सीताराम लहरी, दौलत सिंह सिसोदिया सरपंच, संतोष अग्रवाल वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष बनवारी सोनी, ओमप्रकाश काका भाजपा नेता, कांग्रेस नेत्री श्रीमती नीलू दुबे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमित बंसल, पार्षद बद्रीलाल भंडारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनवारी मालवीय, राजेश पालीवाल पत्रकार, पत्रकार शैलेंद्र शर्मा, सूरज सिंह राजपूत ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के कामना की है.

पीलूखेड़ी में जनविश्वास अभियान कल

राजगढ़ 09 सितम्बर, का. कल 11 सितम्बर को पीलूखेड़ी में जनविश्वास अभियान आयोजित किया जायेगा. जिसकी तैयारियों की जा रही है. जिसमें अभियान से संबंधित लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कर उन्हें पोर्टल पर बंद कराया जायेगा. शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जायेगी.

अवैध शराब बेचते 3 जगह पकडे, सौ पाव देशी शराब जब्त

गुलावता, धामंदा और पटाडिया में कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 09 सितम्बर, सं. अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, धारण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने रविवार को सारंगपुर क्षेत्र के तीन गांवों में कार्रवाई की. गुलावता, धामंदा और पटाडिया में अवैध रूप से शराब बेचते पाए जाने पर विभाग ने तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए.कार्रवाई के दौरान कुल 100 पाव देशी प्लेन मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 7500 रुपए बताई गई है.

आबकारी विभाग के अनुसार जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में सारंगपुर वृत्त प्रभारी अंकित चौहान ने गश्त के दौरान कार्रवाई की. इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायत की जांच के दौरान भी टीम ने संबंधित क्षेत्रों में पहुंचकर स्थिति की जांच की. टीम ने ग्राम गुलावता, धामंदा और पटाडिया में जांच के दौरान अवैध रूप से मदिरा विक्रय करते पाए जाने पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) के तहत तीन आपराधिक प्रकरण कायम किए.जब्त शराब को विधिवत कार्रवाई के बाद आबकारी विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया.

मदिरा दुकान का भी किया निरीक्षण

कार्रवाई के दौरान आबकारी टीम ने क्षेत्र की मदिरा दुकान का निरीक्षण भी किया. यहां उपलब्ध मदिरा का परमिट के अनुसार सत्यापन किया गया और दस्तावेजों तथा उपलब्ध स्टॉक की जांच की गइ. विभाग ने अवैध शराब की बिक्री पर निगरानी बढ़ानें की बात कही है. कार्रवाई में आबकारी आरक्षक शिवम पचाया ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया.

उम्मीद | मंदिर विकास के लिए भक्तजनों ने 21 लाख रुपए की जनभागीदारी देने की घोषणा

खोयरी महादेव मंदिर ट्रस्ट का पुनर्गठन, कलेक्टर होंगे अध्यक्ष

मंदिर परिसर से बटेरी माता तक 2 किलोमीटर ट्रैकिंग पथ बनाने की पहल मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 09 सितम्बर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में खोयरी महादेव मंदिर परिसर में मंदिर ट्रस्ट के पुनर्गठन संबंधी बैठक बुधवार को आयोजित की गई.

बैठक में मंदिर के समग्र विकास, श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं के विस्तार तथा मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गइ.

बैठक में निर्णय लिया गया कि खोयरी महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कलेक्टर डॉ. मिश्रा रहेंगे. वहीं सांसद रोडमल नागर, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी तथा जिला वनमण्डल अधिकारी बेनी प्रसाद दोतानिया को मंदिर ट्रस्ट का ट्रस्टी बनाया गया.

इस अवसर पर उपस्थित भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं ने मंदिर के विकास एवं निर्माण कार्यों में सहभागिता की भावना व्यक्त करते हुए 21 लाख रुपए की जनभागीदारी देने की घोषणा की. जनसहयोग की इस पहल से मंदिर के विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है.

बैठक के पश्चात सांसद श्री नागर, विधायक राजगढ़ श्री यादव, कलेक्टर डॉ. मिश्रा एवं अन्य अधिकारियों ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया. सांसद श्री नागर ने मंदिर परिसर के समग्र विकास के लिए आवश्यक कार्यों को चिन्हित करते हुए समग्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर को श्रद्धालुओं के लिए अधिक सुविधाजनक एवं आकर्षक बनाने के साथ-साथ धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जाए.

बटेरी माता मंदिर तक ट्रैकिंग पथ होगा विकसित

सांसद श्री नागर ने खोयरी महादेव मंदिर परिसर से बटेरी माता तक लगभग 2 किलोमीटर लंबा ट्रैकिंग पथ विकसित करने की पहल पर भी जोर दिया. उन्होंने कहा कि ट्रैकिंग पथ के निर्माण से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थलों से जुड़ने का बेहतर अवसर मिलेगा तथा क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा. बैठक में मंदिर परिसर के विकास, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, आवश्यक निर्माण कार्यों तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं ट्रस्ट सदस्यों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई.